रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 535] नई दिल्ली, सोमवार, फरवरी 4, 2019/माघ 15, 1940
No. 535] NEW DELHI, MONDAY, FEBRUARY 4, 2019/MAGHA 15, 1940

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 फरवरी, 2019

का.आ. 652 (अ).—प्रारुप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 799 (अ) तारीख 21 फरवरी, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 26 फरवरी, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप या सुझाव प्राप्त नहीं हुए;

और, माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान संघ राज्य क्षेत्र अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी अंडमान जिले में 46.62 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और यह स्थलीय, पहाड़ी और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र का अनूठा प्रतिनिधि है। माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान पोर्ट ब्लेयर से करीब 40 किलोमीटर दूर दक्षिणी अंडमान द्वीप के पूर्वी भाग में स्थित है। इस राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी तंत्र का स्वरुप बहुत जटिल और विविध प्रकार का है। माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान की समुद्र तल से औसत ऊंचाई 459 मीटर है और यह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का सबसे ऊंचा शिखर है;

और, इस राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न प्रकार के वन पाए जाते हैं जिनमें- i) *डिप्टरोकार्पस अल्टस, डिप्टरोकार्पस ग्रासिलिस, अमुरा वॉलिची, पीटेकोसिंबिल टिनक्टरियम, ग्रटम स्कैन्डेन्स* आदि प्रजातियों की बहुलता वाले विशाल सदाबहार वन ii) *डीप्टरोकारपस ग्रैंडफ्लोरस, आर्टोकारपस चप्पलाशा, साइडरक्ज़ेलियन लौंगेपैटेलम* आदि प्रजातियों की बहुलता वाले अंडमान उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन, iii) *डीप्टरोकारपस कॉसटेटस, मेसुआ फेरेआ, कैनारियम मनी, होपा अंडमानिका* आदि प्रजातियों की बहुलता वाले दक्षिणी हिल शीर्ष उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन iv) कैलमस प्रजातियों की बहुलता वाले केन ब्रेक्स v) *ओक्सीथेरिया निगरोसिलियाटा* प्रजातियों वाले बैम्बू ब्रेक्स vi) *डिपरोकारपस एसपीपी, आर्टोकारपस चपलाषा, पटरोकारपस डाल्बर्गिआइड्स, टर्मिनलिया बिलाटा, टी.मनी, पेटरोकारपस डाल्बर्गिआइड्स, बॉम्पाक्स इग्नेस, लेगरस्टोमिया हाइपोलीयूका,* आदि की प्रजातियों वाले अंडमान अर्ध सदाबहार वन vii) *टर्मिनलिया बिलाटा, सलमालिया इग्गिंसिस, चुकरासिया, टैब्युलारिस, लैनिया कोरोमंडलिका, मल्लोटस, अकिमुनाटस* आदि प्रजातियों वाले अंडमान आर्द्र पर्णपाती वन viii) *मणिकारा लैटोरलिसिस, पोंगामिया पिन्नाटा, कैलॉफ़्लुम इनोफिलम* आदि प्रजातियों वाले समुद्र तटीय वन और

ix) *राइज़ोपोरा म्यूक्रोनटा, राइज़ोपारा ब्रुगुइएरा जिमोरोहिज़ा*, आदि प्रजातियों की बहुलता वाले सदाबहार वन या ज्वार दलदल वन शामिल हैं;

और, माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान अनेक स्थानिक पशु पक्षियों का वास है। इस राष्ट्रीय उद्यान के रेतीले तट लेदर-बैक कछुआ (*डर्मोसीलीस कोरियासेआ*), ओलिवे रिडले कछुआ (*लेपिडोशेलीस ओलिवेसा*) और ग्रीन सी कछुआ (*चेलोनी मायडास*) के लिए महत्वपूर्ण आश्रय स्थल हैं। राष्ट्रीय उद्यान से कुछ जीवजंतु अंडमान बनैला सूअर *(सस स्क्रोफ़ा अंडमानसिस)*, भारतीय काकड़ हिरण *(मुनटीक्स मुनतजक)*, चित्तीदार हिरण *(एक्सिस एक्सिस)*, जंगल बिल्ली *(फेलिस चाउस)*, अंडमान मास्क पाम सिवेट *(पगुमा लारोता टाकेल्ली)*, अंडमान लेस्सेर शॉर्ट-नाज्ड फ्रूट बैट *(साइनोप्टेरूस ब्राच्योटिस ब्राचिसोमा)*, हॉर्सफील्ड मायोटिस बैट *(मायोटिस हॉर्सफील्डि)*, इंटरमीडिएट हॉर्स *(राइनोप्लोफस एफ़िनिस)*, ब्लैक चुहा *(रट्टुस रट्टुस)*, मिलर चूहा *(रट्टुस मुएल्लेरी)*, अंडमान ग्राउंड शेरोउ *(क्रोकिडुरा अंडमानसिस)*, जेनकेन ग्राउंड शेरोउ *(क्रोकिडुरा जेनकिंसि)*, पीला धारीदार ट्रिंकेट सांप *(एलाफे फ्लैवोलिनाटा)*, अंडमान किल बैक वाटर स्नेक *(ज़ेनोक्रोपिस मेलेनोज़ोस्टस)*, अंडमान क्रेट *(बंगारूस अंडमानसिस)*, कैंटोर नर्रोव-हेडेड सी स्नेक *(हाइड्रोफस कैंटोरिस)*, एंडरसन पिट वाइपर *(ट्रिमेरसुरूस एंडरसोनी)*, दक्षिणपूर्व एशियाई वोल्फ सांप *(लाइकोदोन कैप्यूकिनुस)*, स्लेन्डर सी सांप *(हाइड्रोफिस ग्राकिलिस)*, सामान्य एशियाई टोड *(बुफो मेलानोस्टिक्टस)*, ब्लैक बुल फ्रोग्र *(कौला बैलाटा घोशी)*, अंडमान पैडी फील्ड मेंढक *(फेजेरवारया अंडमानसिस)*, चार्लेस डार्विन मेंढक *(राना चार्लेसदारविनि)*, ग्रीन सी कछुआ *(चेलोनी मायडास)*, हॉक्सबिल समुद्री कछुए*(एरेमोचिलयस इम्ब्रिकेट)*, लेदर बैक कछुआ *(डर्मोचेलीस कोरेशिया)*, ओलिवे रिडले कछुआ *(लेपिडोशेलीस ओलिवेसा)*, शॉल्ट वाटर मगरमच्छ *(क्रोकोडाइलस पोरोसस)*, अंडमान ग्रास सॉप *(माबुया अंडमानसिस)*, वॉटर मॉनिटर छिपकली *(बारनस सैल्वेटर अंडामानसिस)*, अंडमान कोबरा *(नाजा सगितिफेरा)*, किंग कोबरा *(ओफ़िओफैगस हन्नाह)*, ब्रह्मिनी वोर्म सांप *(रामफोटाफ्लॉपस ब्रैमिनस)*, तौनी बिल्ली सांप *(बोइगा अंडमानसिस)*, ब्लू ब्रोंज बैक सांप *(डेन्ड्रेलाफिस कयनेचलोरीस)* आदि अभिलिखित किए गए है;

और, माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान में अत्यधिक मात्रा में पक्षी जीव रहते हैं। इस राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी जीव जन्तुओं की लगभग 89 प्रजातियां अभिलिखित की गई हैं जिनमें से इस द्वीपसमूह की 18 स्थानिक पक्षी प्रजातियां इस राष्ट्रीय उद्यान में पायी जाती हैं। कुछ मुख्य पक्षी पाए जाते हैं जिसमें अंडमान स्टोर्कबिल्ड किंगफिशर *(पेलार्गोप्सिस कैपेन्सिस)*, अंडमान ट्री पाई *(डेंडोकिट्टि बैलेयी)*, अंडमान व्हाइट ब्रेस्टेड वॉटरन*(अमाउरोमिस फोएनिक्यूरस)*, अंडमान व्हाइटब्रैस्टेड किंगफिशर*(हालक्यों स्मेमेंसिस)*, अंडमान व्हाइटकॉलर किंगफिशर *(हालक्यों क्लोरीस)*, अंडमान वुड कबूतर *(कोलुम्बा पलुम्बोदीस)*, ब्लैक कैप्ड किंगफिशर *(हेलिसन पिलेटा)*, ब्राउन शिक्र *(लैनियस क्रिस्टेटस)*, (लार्ज) ब्राउनथ्रोएटेड स्पिनरेट स्विफ्टलेट *(चाइतुरा गिगांतेन)*, बरमेसे रेड कछुआ-फ़ाख़ता *(स्ट्रैप्टोपेलिया ट्रॅनकुबेकी)*, मवेशी बगुला *(बुबुलकस इब्स)*, सामान्य टिटहरी *(एक्टिटिस हाइपोल्यूकोस)*, कर्लेव*(न्यूमेनियस अरक्यूटा)*, पूर्वी ब्लैकनेपड टर्न *(स्टेमा सुमात्राना)*, पूर्वी ग्रीनिश लेफ वारबलर *(पायहलोस्कोपुस ट्रोचिलोइदेस)*, पूर्वी जंगल कौवा *(कोर्वस लेविल्लंति)*, लैस्सर सैंड प्लोवर *(चारादरीउस मोंगोलुस)*, छोटा अंडमान ड्रोन्गो *(डिक्रुरस अंडमानेंसिस)*, व्हाईट बेल्ट सी ईगल *(हेलियेट्स ल्यूकोस्टर)*, आदि शामिल है;

और, जैव भौगोलिक रूप से-माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान में अंडमान द्वीप के अधिकांश वन प्रकार पाए जाते हैं। यहां विविध प्रकार के तथा स्थलीय, जलीय और वानस्पतिक पारिस्थितिकी तंत्रों में रहने वाले जीव भी पाए जाते हैं। राष्ट्रीय उद्यान से महत्त्वपूर्ण स्थानिक प्रजातियां जुगली काजू *(सेमेकेरपुस कुर्ज़ी)*, नेवा *(पॉलील्थिया पार्किंनीसोनी)*,क्राप जैस्मीन *(ताबेरनेमोंटाना क्रिस्पा)*, सी मोवा *(मनीलाकारा लिटोरोरिस)*, पड्रडाय *(ओरीज़ा इंडान्डामिनिका)*, चारागुडुआ *(विटेक्स डाइवर्सिफोलिया), हिप्पोक्रेटेआ अंडमानिका, चाइल्लेटिया अंडामनिका, गार्सिनिया अंडामनिका, टेडेहेज ट्राक्वेट्रम, अमौरा मनी, पायचोटरिया अंडामनिका, टेट्रास्टिग्मा अंडामनिकुलम* आदि अभिलिखित की गई है। संकटापन्न/ दुर्लभ प्रजातियों जैसे दीदू *(बोम्बक्स इन्सिग्ने)*, अर्गुना *(साइकास रुम्फी)*, ट्रेफल ग्रोस *(तडेहगी त्रिक्वेट्रम), अमौरा मानी, प्लेकोस्पर्मम अंडामनिकुलम, ओलेक्स इम्ब्रिकेट, पित्तोस्पेर्मुम फेरुगिनियम* आदि के लिए समुद्र तट, पर सैंडबार के साथ-साथ खाड़ियों का बहुत अच्छा वास प्रदान करता है;

और, माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ राज्य क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के दक्षिणी अंडमान जिले में स्थित माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर पूर्व दिशा में शून्य किलोमीटर तथा दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तर दिशा में 1 किलोमीटर विस्तारित क्षेत्र को माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर (शून्य) 0 से 1 (एक) किलोमीटर तक है। अंडमान समुद्र के समीपवर्ती पूर्वी भाग की ओर इसका विस्तार शून्य है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 21.82 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा को दर्शाता राष्ट्रीय उद्यान का मानचित्र **उपाबंध-I (क) और (ख)** पर है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन और संरक्षित क्षेत्र की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची क्रमशः **उपाबंध- II (क)** और (**ख)** पर है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध- III** के रुप में उपाबद्ध है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत कोई ग्राम स्थित नहीं है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) संघ राज्य क्षेत्र सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए संघ राज्य क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए है के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और संघ राज्य क्षेत्र विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए संघ राज्य क्षेत्र सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण और वन;
(ii) कृषि ;
(iii) पशु पालन;
(iv) अंडमान लोक निर्माण विभाग;
(v) राजस्व;
(vi) मत्स्य पालन;
(vii) ग्रामीण विकास; और
(viii) अंडमान और लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण (एएलएचडब्लयू) और अन्य अनुसंधान संगठन।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी । इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण अनुसमर्थित होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित किया जा सकेगा।

(8) आंचलिक महायोजना क्षेत्रीय विकास योजना की सह विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मॉनीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए मॉनीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय—**संघ राज्य क्षेत्र सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग–(क)** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए उद्यानों और खुले स्थानों का मुख्य वाणिज्यिक या मुख्य आवासीय प्रक्षेत्र या मुख्य औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा केन्द्रीय/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, तथा इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल आरामगाह जैसे कि तंबू और लकड़ी के मकान;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) वर्षा जल संचय, और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप पैराग्राफ 4 के अधीन दिया गया है:

परंतु यह और कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना और संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी।

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों --** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिकी पर्यटन** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार आंचलिक महायोजना के लिए होगा ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग द्वारा संघ राज्य क्षेत्र पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे। परंतु, राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और सैरगाहों का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंदर किसी नये होटल या सैरगाह या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण --** पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,1986 के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण --** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारणों मानकों के अन्तर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जाएगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन:-** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और संघ राज्य क्षेत्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा। स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (क) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ख) फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के अधीन बनाये गये नियम और अन्य लागू विधियां जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग और उद्योगों में विद्यमान प्रदूषण का विस्तार अनुज्ञा नहीं होगी। फरवरी, 2016 में जब तक कि इस प्रकार अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी।
3.	बृहत तापीय और बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
7.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
9.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	विनियमित क्रियाकलाप	
10.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और विश्राम स्थलों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। परंतु, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के आगे या उसके विस्तार तक, जो भी निकट हो के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा।

11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी। गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
12.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
13.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगे ।
14.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन रेलवे लाइनों को छोड़कर विनियमित होंगे। भूमिगत केबल बिछाए जाने को प्रोत्साहित किया जाएगा।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ विनियमित होंगे।
16.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
17.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
18.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित जल निकायों में बहिर्स्राव के अपशिष्ट जल निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
19.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	वायु, वाहन और ध्वनि प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स का प्रयोग संकेत ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
23.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
24.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
25.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

26.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	फर्मो, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
31.	कृषि/बागवानी/चाय उद्यान में जैव उर्वरकों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
32.	जैविक कीट नियंत्रण का उपयोग	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा।
33.	पारम्परिक मत्स्य-पालन।	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन विनियम, 2003 के अनुसरण में बढ़ावा दिया जाएगा।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
34.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुगधशाला।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
35.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
36.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
38.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
39.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और ईंधन का उपयोग।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रुप से बढ़ावा दिया जाना है।
40.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
41.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
42.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
43.	निम्नीकृत भूमि या वन या प्राकृतिक वास का जीर्णोद्धार।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
44.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
45.	पालतू पशुओं का टीकाकरण।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।
46.	औषधीय पौधों की खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- प्रभावी मानीटरी के लिए प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा, एक मानीटरी समिति का इस अधिसूचना के अंतर्गत गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

क्र.सं.	मानीटरी समिति का संविधान	पद
(1)	(2)	(3)
1.	उपायुक्त, दक्षिण अंडमान	अध्यक्ष
2.	सभापति, जिला परिषद, दक्षिण अंडमान	सदस्य
3.	संभागीय वन अधिकारी, दक्षिण अंडमान	सदस्य
4.	निदेशक, कृषि या उसके प्रतिनिधि,	सदस्य
5.	संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	सदस्य
6.	किसी प्रतिष्ठित संस्था से पर्यावरण/पारिस्थितिकी/वन्य जीव क्षेत्र का एक विशेषज्ञ	सदस्य
7.	संघ राज्य क्षेत्र जैव विविधता बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य
8.	संघ राज्य क्षेत्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य
9.	उप वन संरक्षक (वन्यजीव), पोर्ट ब्लेयर	सदस्य सचिव।

6. निर्देश–निबंधन:- (1) मानीटरी समिति का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तारीख से तीन वर्ष अवधि के लिए होगा।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(3) मानीटरी समिति पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा में आने वाले उन क्रियाकलापों को अनुज्ञात नहीं करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचनाओं अर्थात् पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 सं.कां.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और तटीय विनियम जोन, 2011 सं.कां.आं. 19 (अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 तथा इनमें किए गए परिवर्ति संशोधनों की अनुसूची के अंतर्गत आते हैं जिनमें इस अधिसूचना के पैरा-4 में दी गई सारणी में यथाविनिदिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप भी शामिल हैं। केवल श्वेत श्रेणी के उद्योग को ही केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा "उद्योगो के वर्गीकरण, 2016" के लिए जारी दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट माना जाएगा।

(4) वे क्रियाकलाप जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.आ. 1533 (अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 और कां.आ.19 (अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 की अनुसूची के अंतर्गत नहीं आते हैं और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा में आते हैं, उनकी, इस अधिसूचना के पैरा-4 में दी गई सारणी में यथा विनिदिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, वास्तविक स्थल-विशिष्ट दशाओं के आधार पर मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उन्हें संबंधित विनियामक प्राधिकरणों को भेजा जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपने क्रियाकलापों की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और संघ राज्य क्षेत्र सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।


[फा.सं. 25/29/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode


उपाबंध- I क

पारिस्थितिकी संवेदी जोन को दर्शाने वाले माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का गूगल चित्र



उपाबंध- I ख

पारिस्थितिकी संवेदी जोन को दर्शाने वाले माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का मानचित्र



Station	Latitude	Longitude
1	11° 44' 35.956" N	92° 45' 39.246" E
2	11° 44' 37.695" N	92° 45' 5.961" E
3	11° 44' 41.245" N	92° 44' 28.299" E
4	11° 45' 11.794" N	92° 43' 43.075" E
5	11° 46' 2.162" N	92° 43' 43.702" E
6	11° 47' 3.478" N	92° 43' 45.756" E
7	11° 48' 16.101" N	92° 44' 14.984" E
8	11° 48' 50.840" N	92° 44' 31.370" E
9	11° 49' 51.467" N	92° 44' 42.145" E
10	11° 50' 43.595" N	92° 45' 11.764" E
11	11° 51' 46.410" N	92° 45' 28.588" E
12	11° 51' 49.985" N	92° 46' 21.582" E
13	11° 51' 57.679" N	92° 47' 9.552" E
14	11° 51' 17.110" N	92° 47' 8.303" E
15	11° 50' 43.316" N	92° 46' 46.451" E
16	11° 49' 57.234" N	92° 46' 33.469" E
17	11° 49' 11.782" N	92° 46' 32.913" E
18	11° 48' 18.576" N	92° 46' 20.187" E
19	11° 47' 8.080" N	92° 46' 13.176" E
20	11° 46' 13.940" N	92° 46' 2.667" E
21	11° 45' 17.187" N	92° 45' 56.861" E

Station	Latitude	Longitude
A	11°52'12.191"N	92°45'8.243"E
B	11°52'21.303"N	92°46'10.985"E
C	11°52'32.412"N	92°47'7.984"E
D	11°51'57.699"N	92°47'9.572"E
E	11°44'35.975"N	92°45'39.675"E
F	11°44'3.295"N	92°45'30.586"E
G	11°44'12.721"N	92°44'44.172"E
H	11°44'18.39"N	92°43'54.956"E
I	11°44'41.407"N	92°43'31.354"E
J	11°45'17.109"N	92°43'10.515"E
K	11°46'34.491"N	92°43'11.532"E
L	11°47'38.759"N	92°43'23.193"E
M	11°48'44.725"N	92°43'58.825"E
N	11°49'59.949"N	92°44'10.337"E
O	11°50'53.017"N	92°44'36.901"E

उपाबंध-II-क

माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के भू निर्देशांक

स्टेशन	अक्षांश	देशांतर
1	11°44'35.956" उ	92°45'39.246" पू
2	11°44'37.695" उ	92°45'5.961" पू
3	11°44'41.245" उ	92°44'28.299" पू
4	11°45'11.794" उ	92° 43'43.075" पू
5	11°46'2.162" उ	92°43'43.702" पू
6	11°47'3.478" उ	92°43'45.756" पू
7	11°48'16.101" उ	92°44'14.984" पू
8	11°48'50.840" उ	92°44'31.370" पू
9	11°49'51.467" उ	92°44'42.145" पू
10	11°50'43.595" उ	92°45'11.764" पू
11	11°51'46.410" उ	92°45'28.588" पू
12	11°51'49.985" उ	92°46'21.582" पू
13	11°51'57.679" उ	92°47'9.552" पू
14	11°51'17.110" उ	92°47'8.303" पू
15	11°50'43.316" उ	92°46'46.451" पू
16	11°49'57.234" उ	92°46'33.469" पू
17	11°49'11.782" उ	92°46'32.913" पू
18	11°48'18.576" उ	92°46'20.187" पू
19	11°47'8.080" उ	92°46'13.176" पू
20	11°46'13.940" उ	92°46'2.667" पू
21	11°45'17.187" उ	92°45'56.861" पू

उपाबंध II-(ख)

माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान की सीमा के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू निर्देशांक

स्टेशन	अक्षांश	देशांतर
ए	11°52'12.191" उ	92°45'8.243" पू
बी	11°52'21.303" उ	92°46'10.985" पू
सी	11°52'32.412" उ	92°47'7.984" पू
डी	11°51'57.699" उ	92°47'9.572" पू
ई	11°44'35.975" उ	92°45'39.675" पू
एफ	11°44'3.295" उ	92°45'30.586" पू
जी	11°44'12.721" उ	92°44'44.172" पू
एच	11°44'18.39" उ	92°43'54.956" पू
आई	11°44'41.407" उ	92°43'31.354" पू

जे	11°45'17.109" उ	92°43'10.515" पू
के	11°46'34.491" उ	92°43'11.532" पू
एल	11°47'38.759" उ	92°43'23.193" पू
एम	11°48'44.725" उ	92°43'58.825" पू
एन	11°49'59.949" उ	92°44'10.337" पू
ओ	11°50'53.017" उ	92°44'36.901" पू

उपाबंध -III

माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का वर्णन

उत्तर – माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा उत्तरी अक्षांश 11°52'12.191" और पूर्वी देशांतर 92°45'8.243" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिन्दु ए से आरंभ होती है जो 322°30' पर माऊंट वार्डन की चोटी से 1 किलोमीटर दूर है और राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी पर पूर्व की ओर जाती है और उत्तरी अक्षांश 11°52'21.303" और पूर्वी देशांतर 92°46'10.985" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु बी से होकर जाती है बिंदु सी पर उत्तरी अक्षांश 11°52'32.412" और पूर्वी देशांतर 92°47'7.984" के ग्रिड रिफ्रन्स पर समुद्र तट पर पहुँचती है।

पूर्व – पूर्वी सीमा उत्तरी अक्षांश 11°52'32.412" और पूर्वी देशांतर 92°47'7.984" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु सी से आंरभ होकर पूर्वी तट के उच्च ज्वार वाले क्षेत्र के साथ जाती है और उत्तरी अक्षांश 11°51'57.699" और पूर्वी देशांतर 92°47'9.572" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु डी पर पहुँचती है। इसके बाद माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा माऊंट हैरिट राष्ट्रीय उद्यान की सीमा की ओर जाती है और उत्तरी अक्षांश 11°44'35.975" और पूर्वी देशांतर 92°45'39.675" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु ई से मिलती है। इसके बाद यह सीमा तटीय सीमा की ओर जाकर उत्तरी अक्षांश 11°44'3.295" और पूर्वी देशांतर 92°45'30.586" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एफ की ओर जाती है।

दक्षिण – दक्षिणी सीमा उत्तरी अक्षांश 11°44'3.295" और पूर्वी देशांतर 92°45'30.586" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एफ से आरंभ होती है और राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी पर रहकर पश्चिम की ओर मुड़ती है उत्तरी अक्षांश 11°44'12.721" और पूर्वी देशांतर 92°44'44.172" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु जी, उत्तरी अक्षांश 11°44'18.39" और पूर्वी देशांतर 92°43'54.956" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एच से होते हुए उत्तरी अक्षांश 11°44'41.407" और पूर्वी देशांतर 92°43'31.354" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु आई पर पहुँचती है।

पश्चिम– पश्चिमी सीमा उत्तरी अक्षांश 11°44'41.407" और पूर्वी देशांतर 92°43'31.354" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु आई से आरंभ होती है और राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 1 किलोमीटर की दूरी बनाकर उत्तरी अक्षांश 11°45'17.109" और पूर्वी देशांतर 92°43'10.515", के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु जे उत्तरी अक्षांश 11°46'34.491" और पूर्वी देशांतर 92°43'11.532", के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु के उत्तरी अक्षांश 11°47'38.759" और पूर्वी देशांतर 92°43'23.193" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एल, उत्तरी अक्षांश 11°48'44.725" और पूर्वी देशांतर 92°43'58.825" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एम, उत्तरी अक्षांश 11°49'59.949" और पूर्वी देशांतर 92°44'10.337" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु एन पर उत्तर की ओर मुड़ती है और उत्तरी अक्षांश 11°50'53.017" और पूर्वी देशांतर 92°44'36.901" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु ओ पर पहुँचती है। इसके बाद यह सीमा उत्तरी अक्षांश 11°52'12.191" और पूर्वी देशांतर 92°45'8.243" के ग्रिड रिफ्रेन्स पर बिंदु ए पर समाप्त होती है।

IndiaCode

उपाबंध IV

पारिस्थितिकी संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख।
2. बैठकों का कार्यवृत: कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश। ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश। ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 1st February, 2019

S.O. 652 (E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 799(E) dated the 21st February, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 26th February 2018;

AND WHEREAS, no comments or objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the Mount Harriet National Park is spread over an area of **46.62 square kilometers** falling in South Andaman district of the Union territory (UT) of Andaman and Nicobar Islands (A & N) and is a unique representative of terrestrial, mountain and coastal ecosystem. The Mount Harriet National Park is located in the eastern part of South Andaman Island at about 40 kilometer (by road) from Port Blair. The ecosystem of the National Park is very complex and diverse in nature. Mount Harriet National Park has an altitude of 459 meters above Mean Sea Level and possesses one of the highest peaks in the Andaman and Nicobar Islands;

AND WHEREAS, the National Park represents different forest types which include i) Giant Ever Green Forest represented by species like *Dipterocarpus alatus, Dipterocarpus gracilis, Amoora wallichi, Ptecocymbium tinctorium, Gnetum scandens,* etc., ii) Andaman Tropical Evergreen Forest represented by species like *Dipterocarpus grandiflorus, Artocarpus chaplasha, Siderxylion longepatalum,* etc., iii) Southern Hill top Tropical Evergreen forests represented by species like *Dipterocarpus costatus, Mesua ferrea, Canarium manii, Hopea andamanica*,etc., iv) Cane brakes represented by species like *Calmus* v) Bamboo Brakes represented by species like *Oxytentherea nigrociliata*, etc., vi) Andaman Semi Evergreen forests represented by species like *Depterocarpus spp, Artocarpus chaplasha, Pterocarpus dalbergioides, Terminalia bilata, T. manii, Pterocarpus dalbergioides, Bombax insignis, Lagerstoemia hypoleuca*, etc.,

vii) Andaman Moist Deciduous forests represented by *Terminalia bialata, Salmalia insignis, Chukrassia, Tabularis, Lannea coromandelica, Mallotus, Acuminatus*, etc.,viii) Littoral forests represented by species like *Manikara littoralis, Pongamia pinnata, Calophyllum inophyllum*, etc., and ix) Mangrove forests or tidal swamp forests represented by species like *Rhizopora mucronata, Rhizopora bruguiera gymnorhiza*, etc.;

